एक नजर में

राजपूत की सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी : परमार

आष्टा. विद्युत विभाग में पदस्थ केदार सिंह राजपूत की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. साथ ही ग्राम सियाखेड़ी में उन्हें बग्गी में बैठाकर जुलूस निकाला गया. इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि केदार सिंह राजपूत ने ग्राम सियाखेड़ी में जन्म लेकर 36 वर्ष विद्युत विभाग में अपनी सेवाएं दी और ईमानदारी कर्मठता से कार्य कर बेदाग छवि के साथ आज सेवा निवृत हुए हैं. स्वागत समारोह में विद्युत विभाग के पूर्व अधीक्षण यंत्री एसएल नारेड़ा, मोर सिंह मेवाड़ा, भारत सिंह पखनी, जटाल सिंह मोलूखेड़ी, बाबूलाल सरपंच, महेश मेवाड़ा आदि उपस्थित थे.

नमक चौराहे पर नौ रूप में विराजमान होंगी देवी मां

सीहोर. नव ज्योति संगठन के तत्वाधान में नमक चौराहा पर शारदीय नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा. इसे लेकर संगठन की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर का सिद्ध हनुमान मंदिर समिति अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, अखिलेश माहेश्वरी सहित अन्य ने स्वागत किया. इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने आगामी दिनों में निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा में शामिल होने की अपील की. श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में नवरात्रि आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में हिमांशु सोनी को अध्यक्ष मनोनित किया गया. नव नियुक्त श्री सोनी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया. जिसमें उपाध्यक्ष अंशुल ताम्रकार, सचिव वंश पचौरी, सह सचिव राघव अग्रवाल, पित्रांश अग्रवाल, चिराग माहेश्वरी, ऋतिक गेहलोत, वरदान उपाध्याय, प्रांजल अग्रवाल, गणेश, चंदन चौरसिया, कमलेश अग्रवाल को नियुक्त किया गया है.

गर्ल्स कॉलेज में किया गुरुजनों का सम्मान

सीहोर. कन्या महाविद्यालय में शिक्षक दिवसप्रभारी प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के निर्देशन में छात्राओं द्वारा मनाया गया. प्राचार्य डॉ. अग्निहोत्री ने अपने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के मार्गदर्शक, प्रेरणा स्रोत और जीवन की कठिनाइयों में पथप्रदर्शक होते हैं. प्राध्यापक डॉ. कलिका डोलस ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा कर छात्राओं को प्रेरित किया. इसके पश्चात छात्राओं ने शिक्षकों का हाथों से बने पर्यावरण-संरक्षण संदेश वाले गुलदस्तों से सम्मान किया. स्पोर्ट्स अधिकारी रवि विरहा ने छात्राओं और स्टाफ को खूब गुदगुदाया. इस अवसर पर डॉ. राजेश बकोरिया, डॉ. अनूप कुमार सिंह, सुश्री अमिता बैरागी, शिवम सक्सेना, नैन्सी सिमोलिया, नीरू ठाकुर, सुहानी मालवीय, संजना रैकवाल, रामविकास प्रजापति, डॉ एमएन हुसैन एवं डॉ. कैलाश चंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद थे.

स्वास्थ्य केन्द्रों पर 615 गर्भवती महिलाओं की जांच

सीहोर. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, अभियान के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 615 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 235 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गई. सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है. इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जांच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है.

एसपी ने ली थाना प्रभारियों की वर्चुअल बैठक

सीहोर. बुधवार को एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य सीएम हेल्पलाइन एवं यातायात के संचालित विशेष अभियान एवं अन्य प्रमुख विषयों पर समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक में सीएम हेल्प लाईन के अन्तर्गत जो पुराने वर्षों की शिकायत के निराकरण के लिए विशेष रूप से 18 सितम्बर तक पुलिस मुख्यालय द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें वर्ष गत वर्षो की शिकायतों का प्राथमिकता पर निराकरण करने के निर्देश दिए.

एक महीने में दो बिल आने से हलाकान अवाम

स्मार्ट मीटर लोगों के लिए बने मुसीबत का कारण, मीटर लगने के बाद से ही आ रहे भारी-भरकम राशि के बिल

- बुधवार को अनेक उपभोक्ताओं ने कार्यालय में की नारेबाजी
- स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने की उठी पुरजोर मांग

नवभारत न्यूज

सीहोर 10 सितंबर. जबरिया स्मार्ट मीटर लगाए जाने से परेशान उपभोक्ताओं पर सितम ढाने में विद्युत वितरण कंपनी कोई कसर नहीं छोड़ रहा है. लगातार दूसरे महीने भी विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 15 दिन के अंतराल पर बिल दिए जाने से नाराज उपभोक्ताओं के आक्रोश का पारावार नहीं रहा और उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए विद्युत कंपनी के दफ्तर में नारेबाजी की है.

इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी की कार्यप्रणाली से लोगों में गुस्से का माहौल बना हुआ है. उपभोक्ताओं पर जबरिया स्मार्ट मीटर थोपे जा रहे हैं. ऐसे में अगर उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को अपने घर या दुकान में लगवाने से मना करता है तो उसे कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर महीटर लगवाने को बाध्य किया जा रहा है. मीटर लगने के बाद उपभोक्ता की दिक्कतें और बढ़ रही हैं, क्योंकि स्मार्ट मीटर अंधाधुंध खपत दर्शा रहे हैं. नतीजतन लोगों पर बिजली के भारी- भरकम राशि के बिल सितम ढा रहे हैं. इतने पर भी विद्युत वितरण कंपनी नहीं थम रही है, बल्कि अब तो एक माह में दो बिल देकर लोगों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है. ऐसे में बुधवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे और वहां अधिकारियों के सामने जमकर नाराजगी जाहिर की. उनका आरोप था कि स्मार्ट मीटर के जरिए एक ही महीने में दो बार बिजली बिल थमाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. कई उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से ही बिजली व्यवस्था को लेकर दिक्कतें शुरू हो गई थीं, लेकिन अब एक ही माह में दो-दो बिल आने से स्थिति असहनीय हो गई है.

अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि कंपनी कार्यालय में मौजूद अधिकारी भी उनकी बातों का कोई स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए. इससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई. उपभोक्ताओं ने मांग की है कि इस गड़बड़ी की जल्द से जल्द जांच हो और दोषी तकनीकी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाए.

सीहोर. स्मार्ट मीटर लगाने और भारी भरकम राशि के बिल आने से नाराज उपभोक्ताओं ने विद्युत कंपनी के कार्यालय में नारेबाजी की.

परिवार के समक्ष आई फाकाकशी की नौबत

किराने की दुकान पर काम करने वाले अंकुर राठौर ने बताया कि पहले उनके घर का बिल 100 रुपए आता था, लेकिन जब से स्मार्ट मीटर लगा है. कई गुना अधिक राशि का बिल आ रहा है. उसने बताया कि 13 अगस्त को बिल की राशि 1490 रुपए जमा करने के बाद 28 अगस्त को फिर 1170 रुपए का बिल आ गया. जब वह बिजली कंपनी के दफ्तर पहुंचा तो वहां अधिकारियों ने उसकी समस्या को नहीं सुना, बल्कि यह कहा कि अगर बिल की राशि जमा नहीं की तो बिजली काट दी जाएगी और फिर जुड़वाने के लिए अतिरिक्त चार्ज भी देना पड़ेगा. महीने में दो बार बिल जमा करने के कारण उसके घर की स्थिति बिगड़ गई है. उसके पास राशन लाने तक के पैसे नहीं बच रहे हैं.

स्मार्ट मीटर लगने के बाद बढ़ी लोगों की परेशानी

शहर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम बीते कुछ महीनों से किया जा रहा है. कंपनी का दावा था कि इन मीटरों से उपभोक्ताओं को समय पर रीडिंग, सटीक बिल और ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा मिलेगी. लोगों का आरोप है कि वास्तव में स्थिति इसके अलग है. उपभोक्ताओं को बार-बार मीटर बंद (ऑटो कट) होने, दोहरी बिलिंग और तकनीकी गड़बडियों का सामना करना पड़ रहा है.

राहगीर को लूटने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

भैरूंदा. गोपालपुर पुलिस ने सुनसान रास्तों पर राहगीरों से छीना झपटी कर लूटपाट करने वाले वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार कर लिया है. माखन राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 अगस्त की रात्रि सुकरवास स्थित मेडिकल बंद करके घर जा रहा था. रास्ते में दो बाइक पर आए चार व्यक्तियों ने उसे रोका और बाइक पर रखा बैग छीन कर ले गए. बैग में 20 हजार 700 रुपए नगदी मोबाईल व अन्य सामान रखा था. पुलिस टीम द्वारा जगदीश उर्फ जग्गा पिता कचरुलाल मेहरा, कपूर पिता चन्दर सिंह उईके जाति गौड़, दिलीप पिता बलराम कुमरे जाति गौड़ निवासी चन्दपुरा एवं वीरप्रताप उर्फ मोटा पिता राजेश भुसारिया जाति कोरकू निवासी हंडिया को गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से फरियादी से छीना गया बैग 20 हजार रुपए नगदी, एक मोबाईल व घटना में प्रयुक्त दो बाइक जब्त की. इसके साथ ही आरोपियों से देवास व हरदा जिले से भी छीना झपटी किए गए एक लाख कीमत के मोबाईल बरामद किए.

पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर बाइक चोर

नवभारत न्यूज

रेहटी 10 सितंबर. पुलिस ने दो बाइक चोर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई दो बाइक बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया.

गत 1 सितंबर को फरियादी भरत लोवंशी निवासी ग्राम सोयत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी बाइक सब्जी बाजार के सामने खड़ीककर सब्जी खरीदने लगा. कुछ समय बाद वापस लौटा देखा वहां से बाइक गायब मिली. आसपास एवं अन्यत्र तलाश करने पर भी कोई पता नहीं चला. थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मालीबांया के पास घेराबंदी कर दो संदिग्ध व्यक्तियों को बाइक सहित गिरफ्तार किया. पूछताछ में

आरोपियों ने अपना नाम दौलतराम उर्फ मनोज यादव पिता जगन्नाथ यादव निवासी आंकलपुर, थाना औबेदुल्लागंज जिला रायसेन तथा शरीफ खान उर्फ टुंडा पिता हम्मू खान निवासी जोशीपुर, थाना बुधनी का होना बताया. आरोपियों ने इसके अलावा अन्य बाइक भोपाल से चोरी करना भी कबूल किया. इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक राजेन्द्र चंद्रवंशी, जयनारायण, दीपक सेन, जितेन्द्र गौर, विकास नागर, संध्या अहिरवार, सायबर सेल टीम की अहम भूमिका रही.

डीपी पर चढ़ा फिर फांसी लगाने को आतुर हुआ किसान

- भाऊखेड़ी में त्रस्त ग्रामीण ने किया जान देने का प्रयास
- पड़ोसियों की प्रताड़ना से तंग आ गया था ग्रामीण

नवभारत न्यूज

सीहोर 10 सितंबर. बुधवार की सुबह भाऊखेड़ी विद्युत सब स्टेशन कार्यालय पर उस समय अफरा- तफरी का माहौल बन गया जब एक ग्रामीण जान देने की मंशा से ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया. लोगों ने जैसे- तैसे उतारा तो उसने खुद को जेई के कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगाने लगा. लोगों ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला. ग्रामीण ने अपने ही पड़ोसियों की प्रताड़ना से तंग आकर यह कदम उठाया था.

बताया जाता है कि विद्युत कंपनी द्वारा आगामी लोक अदालत के लिए बकायादार उपभोक्ताओं को नोटिस थमाए जा रहे हैं. इसी तारतम्य में इछावर तहसील के ग्राम प्रतापपुरा के तीन बकायादार ग्रामीणों को नोटिस दिए गए थे. उन्हें शक था कि उनके ही पड़ोस में रहने वाले जगदीश बागरी ने ही विद्युत कंपनी के लोगों से शिकायत की है. इसके बाद से वह जगदीश पर दबाव बना रहे थे कि उसे ही उनके बकाया बिल की राशि जमा करना पड़ेगी. रोजाना मिलने वाली धमकी से तंग आकर जगदीश बुधवार को भाऊखेड़ी डीसी पर पहुंचा और जेई हीरालाल लखोरे को अपना दुखड़ा सुनाया. उन्होंने जब उसे कुछ देर बाद आने को कहा तो वह वहां से भागा और कुछ दूरी पर स्थित ट्रांसफार्मर पर

चढ़ गया. यह देख आनन- फानन में बिजली की सप्लाई रोकी गई और उसे ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारा गया. इसके बाद वह जेई लखोरे के कक्ष में घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर फांसी लगाने लगा. यह देख बाहर मौजूद भीड़ ने दरवाजा तोड़ा और उसे बाहर निकाला. इस दौरान सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई थी. तमाम घटनाक्रम के बाद जेई लखोरे ने पुलिस में आवेदन देकर ग्रामीण को धमकाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है. इसके अलावा धमकाने वाले ग्रामीणों को भी जगदीश के समक्ष बुलाकर समझाया गया. तब कहीं मामले का पटाक्षेप हो सका.

सिंचाई परियोजना का कार्य तेजी से पूर्ण करें : कलेक्टर

- कलेक्टर ने लिया सीप- अंबर परियोजना के कार्य का जायजा
- जल निगम के इंटकवेल और जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

भैरूंदा10 सितंबर. कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम मंडी में सीप-अंबर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति का जायजा लिया.

उन्होंने परियोजना के फेज-1 और फेज-2 के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की. उन्होंने परियोजना के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयसीमा में पूर्ण करने के अधिकारियों को

निर्देश दिए. इसके साथ ही उन्होंने ग्राम मंडी में जल निगम के इंटेकवेल और लाड़कुई के ग्राम चौरसाखेड़ी में जल निगम के जल शोधन केंद्र का भी निरीक्षण करते हुए कहा कि जल निगम की इस परियोजना से चिन्हित ग्रामों के नागरिकों के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित होगी.

सीप अंबर परियोजना के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि यह परियोजना जिले के किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. परियोजना के पूर्ण हो जाने पर हजारों हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और ग्रामीण क्षेत्र में कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समय पर और तय मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं. लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने संबंधित ठेकेदारों और अमले को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए. उन्होंने कहा कि यदि कहीं तकनीकी समस्या आती है तो तत्काल समाधान कर उसे उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं, जिससे कार्य में कोई बाधा न आए. इस दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह आदि उपस्थित थे.

आष्टा से चुराया ट्रक ढाबे पर छोड़ गए चोर

- अनाज की दुकान के बाहर से चुराया था ट्रक
- पुलिस ने ट्रक जब्त कर चोरों की तलाश प्रारंभ की

नवभारत न्यूज

आष्टा. पुलिस ने थाना पार्वती अंतर्गत चोरी गए ट्रक को 12 घंटे में बरामद लिया है. जिसे आरोपी आष्टा से चोरी कर सीहोर हाईवे पर छोड़कर फरार हो गए थे.

जानकारी के अनुसार गत दिवस फरियादी महबूब, पिता वली मोहम्मद द्वारा थाना पार्वती में सूचना दी कि उनका ट्रक अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर लिया गया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी हरि सिंह परमार के नेतृत्व में

विशेष टीम गठित की गई. टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल एवं आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई. जांच के दौरान ट्रक को सीहोर दरबार ढाबा के सामने छोड़ से बरामद किया. आरोपी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए. आरोपियों की तलाश जारी है. इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक अजय जोझा, हरेश सोनी, दिनेश कुमार, सुनील यादव, नितिन वर्मा, शैलेंद्र पटेल एवं चंद्रभान सेन भूमिका रही.

सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएंगे मोदी का जन्मदिन

नवभारत न्यूज

सलकनपुर 10 सितंबर. भाजपा मंडल कार्यालय में सेवा पखवाड़ा एवं खेल महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित की गई.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा द्वारा मंडल स्तर पर कई कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. 17 से 24 सितंबर तक रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे. मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा परिवार विभिन्न सेवा कार्यों के लिए समर्पित रहेगा. सांसद खेल कूद प्रतियोगिता, क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जाएगा. मंडल प्रभारी श्रीमती सूर्य चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में मोदी विकास मैराथन रक्तदान शिविर, 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, रमहात्मा गांधी की जयंती, पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री जयंती, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शनी, दिव्यांग और विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, एक पेड़ मां के नाम जैसे आयोजन किए जाएंगे. पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम नारायण मीणा के नीदरलैंड यात्रा पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी. नप अध्यक्ष मीना राजेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिवस सेवा पखवाड़े के रूप में उत्साह से मनेगा. बैठक में आसाराम यादव, रामगोपाल टेलर, नप अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, प्रेम नारायण मीणा, रामविलास बड़ेभाई, रिखीराम यादव, पुरुषोत्तम यादव, प्रदीप पटेरिया, सुनील गौर, विनोद नागर, मीडिया प्रभारी संदीप चौहान, मुकेश साहू, मिट्ठूलाल यदुवंशी, सुनीता यादव, सुमित चौहान, भागीरथ मंडलोई, राकेश पटेल, जतिन सोनी, मेहरबान सिंह, नितेश साहू, पिंटू मंगतानी आदि मौजूद थे.

प्रदर्शन बीमा राशि देने की मांग के साथ प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण

खराब फसल लेकर खेतों में उतरीं महिलाएं

नवभारत न्यूज

सीहोर 10 सितंबर. 20 दिन से ग्रामीण किसान जिले के अलग-अलग गांव में नदी, पेड़ों और रोड पर तो कहीं पानी की टंकी पर प्रदर्शन कर रहे थे. इसके अलावा कलेक्टर को भी दर्जनों गांव के किसानों द्वारा ज्ञापन भी दिया जा चुका है.

जब प्रशासन-शासन ने किसानों की सुनवाई नहीं की कोई भी अधिकारी बीमा कंपनी के किसानों के बीच में नहीं पहुंचा. अब मैदान में महिलाएं खराब फसल के खेतों में उतर आई हैं. हाथों में खराब फसल लिए हुए नारे लगा रही हैं. इनमें से एक महिला शिप्रा बाई तो इतनी दुखी हुई है. शिप्रा का कहना है कि मेरी 5 साल से बीमा नहीं मिला हर साल सोयाबीन की फसल बर्बाद हो जाती है. 2 दिन

से मेरे बच्चों ने खराब सोयाबीन को देखकर खाना तक नहीं खाया. वहीं गोरा बाई, उर्मिला परमार, अयोध्या बाई, अवंती बाई ने अपना दुखड़ा बताया कि हम किस तरह परेशान हैं. हम महिलाएं दिन रात खेतों में काम करते हैं. छोटे-छोटे बच्चे लेकर खेतों में लेकर दिनभर काम करते रहते हैं. सरकार महिलाओं के लिए क्या कर रही है किस महिलाओं के क्या लाभ दे रही है. हमें तो कभी छुट्टी मिलती नहीं है और विभाग में सरकारी काम में महिलाओं को तो छुट्टी मिल जाती है. हम तो डिलीवरी होने के 15 दिन बाद से खेतों में काम करने लग जाती हैं. न तो हमें बीमा राशि मिलती न किसानों को फसल का सही भाव मिलता है.

प्रतिभा प्रोत्साहन स्पर्धा का आयोजन 17 को

सीहोर. मप्र राष्ट्र भाषा प्रचार समिति द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक छात्र-छात्राओं के किए प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता आयोजित को जाती है. हिन्दी माह के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर यह प्रतियोगिता आगामी 15 सित बर के पूर्व आयोजित की जाएगी एवं प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों की सूची समिति अध्यक्ष डॉ. दीपक बिसोरिया को भेजी जाएगी. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 17 सितंबर को चयनित छात्रों की सूची सहित छात्र-छात्राओं को शासकीय सुभाष स्कूल में प्रभारी शिक्षक के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है. समिति द्वारा प्रेषित पत्र अनुसार काव्यपाठ प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, एकल लोकगीत प्रतियोगिता एवं चित्रांकन से शब्दांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा.